पसंदीदा करियर विकल्प से जुड़ें युवा : राज्यपाल

रांची. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रतियोगिता के दौर में युवाओं को पसंदीदा करियर विकल्प से जुड़ना होगा. युवा साथी को सफल बनाने के लिए जरूरी कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करानी होगी. राज्यपाल बुधवार को आइआइएम रांची और क्षेत्रीय निदेशालय कौशल विकास और उद्यमशीलता (आरडीएसडीइ) की ओर से आयोजित अप्रेंटिसशिप कॉन्क्लेव में बोल रहे थे. एनआर अरविंदन ने अप्रेंटिसशिप स्कीम यानी राष्ट्रीय शिक्षुकता प्रोत्साहन योजना की जानकारी साझा करते हुए युवाओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया. सोनल मिश्रा ने देशभर में चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और योजनाओं से रूबरू कराया. मौके पर आइआइएम निदेशक दीपक श्रीवास्तव, प्रो डीके सिंह, डॉ एस चटर्जी, प्रो वीके तिवारी, कैप्टन अमिताभ आदि थे.

Prabhat Khabar, 04.05.2023, Pg. 2